10.	आरएएच नोएडा (I) श्री अनिल कुमार तंवर	सम्पत्ति : प्लॉट सं. बी-514एम, त्रिवेणी विहार, निकट साई धाम, जी.टी. रोड, ग्राम नूरपुर, बरून हदूद, जी.टी. रोड, देवबंद, (सहारनपुर)-247554, श्री दीप कृपाल सिंह एवंश्री हरि कृपाल सिंह के नाम पर दोनों पुत्र श्री अनिल कुमार तंवर। सीमाएं : उत्तर : कृषि भूमि, दक्षिण : सुखपाल/अन्य, पूर्व : परती/अनिल तंवर, पश्चिम : सोसाइटी की भूमि।	रु. 35500000.00 (रुपये तीन करोड़ पचपन लाख मात्र)	रु. 3550000.00 (रुपये पैंतीस लाख पचास हजार मात्र)	सरफैसी मांग सूचना दिनांक 19.06.2019 के अनुसार देयता रु. 2,05,23,772/- (रुपये दो करोड़ पांच लाख तेईस हजार सात सौ बहत्तर मात्र) तथा 01.06.2019 से भावी ब्याज एवं समस्त लागतें, प्रभार, व्यय एवं उस पर अन्य आकस्मिक व्यय।	खाता सं. 3813296000001 अईएफएससी : CNRB0003813 शाखा : RAH Noida

बकाया देयताएँ : स्थानीय सरकार (सम्पत्ति कर, जल कर, बिजली के बिल आदि) रु. : उपर्युक्त किसी भी सम्पत्ति के लिए बैंक को ज्ञात नहीं

ईएमडी 11.12.2020 को 1700 बजे तक या इससे पूर्व जमा की जानी है। सम्पत्ति का निरीक्षण 09.12.2020 से 10.12.2020 को 10 बजे प्रातः से 5 बजे अप. के बीच किया जा सकता है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com या https://indianbankseauction.com में प्रावधानित लिंक "E-Auction" देखें या कार्यालयी घंटो के दौरान निम्नलिखित से सम्पर्क करें :

क्रम सं. 1 की सम्पत्ति हेतु : छिपियाना बुजुर्ग, शाखा प्रभारी श्री अनिरुद्ध राज, प्रबन्धक, मोबाइल : 7303411187, मेल आईडी : cb19448@canarabank.com, **क्रम सं. 2 एवं 3 की सम्पत्ति हेतु :** नोएडा सेक्टर 63-II शाखा प्रभारी श्री पंकज कुमार, मुख्य प्रबंधक, मोबाइल नं. : 9870240605, मेल आईडी : cb18685@canarabank.com **क्रम सं. 4 की सम्पत्ति हेतु :** चितेहरा शाखा प्रभारी श्रीमती सपना, वरिष्ठ प्रबंधक, मोबाइल : 9643191099, मेल आईडी : cb18781@canarabank.com,
क्रम सं. 5 की सम्पत्ति हेतु : बिशरा शाखा प्रभारी श्रीमती तान्या गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक, मोबाइल : 9560742517, मेल आईडी : cb18767@canarabank.com, **क्रम सं. 6 की सम्पत्ति हेतु :** नोएडा सेक्टर 51(II) शाखा प्रभारी सुश्री प्रीति यादव, प्रबंधक, मोबाइल : 7983568455, मेल आईडी : cb19938@canarabank.com **क्रम सं. 7 एवं 8 की सम्पत्ति हेतु :** डूंगरपुर रिल्का, शाखा प्रभारी श्रीमती श्रुति झा, प्रबन्धक, मोबाइल : 9648434373, मेल आईडी : cb3700@canarabank.com, **क्रम सं. 9 की सम्पत्ति हेतु :** ग्रेटर नोएडा II शाखा प्रभारी श्री अरुण कुमार, मुख्य प्रबंधक, मोबाइल : 9868394318, मेल आईडी : cb18895@canarabank.com **क्रम सं. 10 पर सम्पत्ति हेतु :** आरएएच I शाखा प्रभारी श्री सुनील कुमार, मुख्य प्रबंधक, मोबाइल : 9205277452, मेल आईडी : cb18895@canarabank.com उपर्युक्त शाखा प्रभारियों से किसी भी कार्यदिवस में कार्य घण्टों के दौरान सम्पर्क किया जा सकता है।

उपर्युक्त ई-नीलामी हेतु सेवा प्रदाता :
मैसर्स कैन बैंक कम्प्यूटर सर्विसेज लिमिटेड (सीसीएसएल),
श्री सथियानाथन के.एम., मोबाइल : 9480691777, ई-मेल : eauction@ccsl.co.in, श्री रमेश टी.एच., मोबाइल : 8880531165,

तिथि : 24.11.2020 स्थान : नोएडा **अधिकृत प्राधिकारी, केनरा बैंक**

एबीएम इन्टरनेशनल लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः 10/60, इंडस्ट्रियल एरिया, कीर्ति नगर, नई दिल्ली-110015
ईमेलः vkgandhi@abmintl.in फोनः +91-11-41426055
CIN: L51909DL1983PLC015585, वेबसाईटः www.abmintl.in,

पोस्टल बैलट की सूचना

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 22 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 एवं एमसीए परिपत्रों (नीचे परिभाषित) के अनुपालन में

एतद्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 एवं अन्य प्रयोज्य प्रावधानों, यदि कोई हो, तथा ऐसे अन्य प्रयोज्य कानूनों, नियमों एवं विनियमों (प्रचलित उसके किसी सांविधिक संशोधन(नों) या रीएनेक्टमेंट(टों) सहित) तथा कॉर्पोरेट मामले मन्त्रालय, भारत सरकार ('एमसीए') द्वारा निर्गत सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 एवं सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के साथ पठित सामान्य परिपत्र सं. 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर, 2020 ('एमसीए परिपत्र') के सन्दर्भ में एबीएम इंटरनेशनल लिमिटेड ('कम्पनी') ने पोस्टल बैलट सूचना ('सूचना') उन सभी सदस्यों के पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दी है जिन्होंने अपने ई-मेल आईडी सम्बद्ध डिपॉजिटरी भागीदारों के माध्यम से डिपॉजिटरी तथा/अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयरअन्तरण एजेंट ('आरटीए') मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एण्ड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा.लि. ('बीटल') के साथ सूचना दिनांक 23 नवम्बर, 2020 में उल्लिखित प्रकार्य के सन्दर्भ में विशेष संकल्प के माध्यम अपना अनुमोदन चाहने के लिए पंजीकृत कराया है।

प्रत्येक सदस्य के मताधिकार कटऑफ तिथि अर्थात 20 नवम्बर, 2020 तक कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी के उनके हिस्सों के अनुपात में होंगे जिसे मतदान हेतु विचार किया जायेगा। जो सदस्य कट-ऑफ तिथि अर्थात 20 नवम्बर, 2020 तक सदस्य नहीं है उसे इस सूचना को केवल सूचना के रूप में लेना चाहिए।

कम्पनी ने अपने सदस्यों को 'रिमोट ई-वोटिंग' सुविधा देने के लिए सीडीएसएल की सेवाएं ग्रहण की हैं। रिमोट ई-वोटिंग सुविधा 28 नवम्बर, 2020 को 9.00 बजे प्रातः (भा.मा.स.) प्रारम्भ होगी और 27 दिसम्बर, 2020 को 5.00 बजे अप. (भा.मा.स.) (दोनों तिथियाँ शामिल) पर समाप्त होगी। रिमोट ई-वोटिंग 27 दिसम्बर, 2020 को 5.00 बजे अप. के पश्चात सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दी जायेगी। निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से पोस्टल बैलट प्रक्रिया के संचालन के लिए निदेशक मण्डल ने मैसर्स मोहित मेहता एण्ड एसोसिएट्स, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी के श्री मोहित मेहता (सदस्यता सं. 46893) को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

कम्पनी के सदस्यों को एतद्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि :

(क) रिमोट ई-वोटिंग हेतु आवश्यक निर्देश सूचना दिनांक 23 नवम्बर, 2020 में निर्धारित कर दिये गये हैं।
(ख) सदस्य द्वारा संकल्प पर एक बार मतदान कर लेने के उपरान्त उसे इसमें परिवर्तन करने या पुनः मतदान करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
(ग) सदस्यों के मताधिकार कट-ऑफ तिथि तक कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा।
(घ) व्याख्या विवरण रिमोट ई-वोटिंग निर्देश तथा एमसीए परिपत्रों के सन्दर्भ में 'रिमोट ई-वोटिंग' हेतु पोस्टल बैलट बैलट सूचना एवं प्रक्रिया प्राप्त करने के लिए गैर-पंजीकृत सदस्यों हेतु ई-मेल पंजीकरण की प्रक्रिया सहित पोस्टल बैलट सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.abmintl.in पर उपलब्ध है। व्याख्यात्मक विवरण सहित पोस्टल बैलट की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.abmintl.in तथा स्टॉक एक्सचेंज जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।
(ङ) एमसीए परिपत्रों के आलोक में, जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराये हैं और परिणामस्वरूप उन्हें ई-वोटिंग सूचना नहीं प्राप्त हुई है वे अपना ई-मेल पता पंजीकृत करा सकते हैं। ऐसे सदस्यों को इस सूचना को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने तथा इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मतदान करने की सुविधा हेतु सदस्यों से निवेदन है कि वे अपने ई-मेल आईडी कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर अन्तरण एजेंट अर्थात बीटल फाइनेंशियल एण्ड कम्प्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास investor@beetalfinancial.com पर पंजीकृत शेयरधारकों के नाम, फोलियो नम्बर, डीपी आईडी/क्लाइंट अईडी एवं धारित इक्विटी शेयरों की संख्या सहित ई-मेल करें ताकि वे सीडीएसएल द्वारा प्रावधानित ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से पोस्टल बैलट में निर्धारित विशेष प्रकार्य पर अपना मतदान कर सकें।
(च) यह स्पष्ट किया जाता है कि ई-मेल पते के स्थायी पंजीकरण के लिए सदस्य कृपया इलेक्ट्रॉनिक धारिता के मामले में अपने सम्बद्ध डिपॉजिटरी भागीदारों के माध्यम से डिपॉजिटरी के साथ तथा भौतिक धारिता के मामले में कम्पनी के आरटीए मैसर्स बीटल फाइनेंशियल कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा.लि. के साथ नियत प्रक्रिया के अनुपालन द्वारा पंजीकृत करा लें।
(छ) एमसीए परिपत्रों के आलोक में, वोटिंग केवल रिमोट ई-वोटिंग द्वारा की जा सकेगी। चूंकि रिमोट ई-वोटिंग के लिए भौतिक रूप से बैठक में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है अतः सदस्यों से स्वयं रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी जाती है न कि किसी अन्य व्यक्ति/प्रॉक्सी के माध्यम से। पुनः इस पोस्टल बैलट के लिए सदस्यों के पास पोस्टल बैलट प्रपत्र तथा प्री-पेड बिजिनेस लिफाफे के साथ पोस्टल बैलट सूचना की हार्ड कॉपी नहीं भेजी जायेगी और सदस्यों को केवल 'रिमोट ई-वोटिंग' सिस्टम के माध्यम से ही अपनी सहमति या असहमति दर्ज करानी होगी।
(ज) 'रिमोट ई-वोटिंग' से सम्बन्धित किसी पूछताछ/शिकायत के लिए कृपया सम्पर्क करें : श्री नितिन कुंदर (022 23058738) अथवा श्री महबूब लखानी (022 23058543) या श्री राकेश दलवी, प्रबंधक सीडीएसएल, ए-विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व) मुर्म्बई, 400013 या helodesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल भेजे या कॉल करें : 022 23058542/43.
(झ) पोस्टल बैलट के परिणाम मंगलवार, 29 दिसम्बर, 2020 को या इससे पूर्व अर्थात 'रिमोट ई-वोटिंग' के माध्यम से मतदान के अधिकतम 48 घंटों के भीतर कर दी जायेगी। इसे कम्पनी की वेबसाइट www.abmintl.in तथा सीडीएसएल के वेबलिंक https://www.evotingindia.com/noticeResults.jsp पर अपलोड किया जायेगा तथा साथ ही इसकी सूचना स्टॉक एक्सचेंजों को दी जायेगी जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एबीएम इंटरनेशनल लिमिटेड
ह./-
विरेन्दर कुमार गांधी
प्रबन्ध निदेशक

तिथि : 25.11.2020
स्थान : नई दिल्ली

कोरोना-अपराध रोकने में नाकाम सरकार, खामियां छिपाने कर रही हिंदू-मुसलमान

‘लव जिहाद’ अध्यादेश पर भड़के सपा सांसद बर्क बोले...

एजेंसी ▶▶ संभल

उप्र में बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के पूर्व संयोजक एवं संभल सांसद डॉ. शफीकुर रहमान बर्क ने ‘लव जिहाद’ अध्यादेश को गलत करार देते हुए कहा है कि कोर्ट ने जिस शादी को जुर्म नहीं माना तब योगी सरकार किस तरह दस साल की सजा तय कर रही है।

सरकार रेप मामले रोकने में सफल नहीं हो सकी, तो नई चीजें लाकर हिंदू-मुस्लिम कराना चाहती है। इसके अलावा बर्क ने कहा कि यह सरकार कोरोना वायरस और अपराध रोकने में भी असफल रही है और वह अपनी खामियां छिपाने के लिए ऐसा काम कर रही है, लेकिन जनता सब जानती है।

2022 में सपा सरकार

सांसद डॉ. बर्क ने यूपी सीएम योगी पर हमला करते हुए कहा कि यह लव जिहाद ही इस सरकार को खा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि लव जिहाद कानून मुसलमानों के खिलाफ है और पूरी कौम इसका जमकर विरोध करेगी। मुसलमान तो लड़ना ही नहीं चाहता, लेकिन आरएसएस के लोग हिंदू-मुस्लिम कराना चाहते हैं, ताकि राजनीति का फायदा उठा सकें। बर्क ने कहा कि 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी सरकार बनाएगी और नए भारत का निर्माण करेगी।

धर्मपरिवर्तन गैर जमानती संज्ञेय अपराध

राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ‘उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020’ को मंजूरी दे दी गई। उन्होंने बताया कि इसे गैर जमानती संज्ञेय अपराध की श्रेणी में रखने और उससे संबंधित मुकदमे को प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट की न्यायालय में विचारणीय बनाए जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामले में संबंधित सामाजिक संगठनों का पंजीकरण रद्द कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई धर्मांतरण छल, कपट, जबरन या विवाह के जरिए नहीं किया गया है, इसके सबूत देने की जिम्मेदारी धर्म परिवर्तन कराने वाले तथा करने वाले व्यक्ति पर होगी। उल्लंघन करने पर कम से कम 1 और अधिकतम 5 साल कैद व 15000 रुपए के जुर्माने का प्रावधान रखा है।

कट्टरपंथियों पर भड़कीं नुसरत जहां, कहा लव और जिहाद एक साथ नहीं हो सकते

इधर, उप्र सरकार के धर्म परिवर्तन से जुड़े अध्यादेश पर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां ने कहा कि इस तरह के मसले सिर्फ चुनाव के पहले उठाए जाते हैं। लव जिहाद पर व्यक्तिगत मामला है, जो जिससे प्यार करता है, उससे विवाह करता है। कोई क्या खाता है, क्या पहनता है, यह सब पूरी तरह से व्यक्तिगत मामला है। सांसद जहां ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है, यहां कोई निरंकुशता नहीं है। लव-जिहाद एक विशेष समुदाय के खिलाफ एक

एजेंडे के रूप में भाजपा की तरफ से गढ़ा 1 शब्द है। नुसरत ने कहा कि लव और जिहाद एक साथ नहीं होते, यह मसला चलने वाला नहीं है। ये विशेष रूप से चुनाव से पहले उठाए मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, ‘मुझे लगता है कि राजनेताओं और प्रशासकों को तरह हमें लोगों के विकास के लिए काम करना चाहिए, चाहे वे किसी भी जाति, पंथ, धर्म आदि से रिश्ता-नाता रखते हों। गैरकानूनी और आपराधिक हरकत मिलेगी तो कानून है। मुझे न्यायिक व्यवस्था में पूरा भरोसा है। अदालत नागरिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने को लाए कानूनों पर राय जाहिर कर चुकी है।

खबर संक्षेप

मेरठ में 350 मेहमान जुटे, पहली एफआईआर

मेरठ। शादी समारोह में कसेरूखेड़ा ऊंचा मोहल्ला नि. वीर सिंह की बेटी की शादी के लिए ग्राम मंडी सदर बाजार नि. राजू चौहान की बारात में शामिल लोगों की संख्या 350 मिली। गाइडलाइंस का पालन न करने पर मुकदमा दर्ज होने का ये पहला मामला है।

बैंककर्मी ने आत्महत्या की 6 दिसंबर को होनी थी शादी

पश्चिम चंपारण। कालीबाग ओपी क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले में विजय ठाकुर के मकान में किराए पर रह रहे बैंक कर्मी निश्चल कुमार भास्कर ने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। 6 दिसंबर को उसकी शादी होने वाली थी। वह परिवार का इकलौता पुत्र था।

इंजीनियर का अपहरण मांगी 15 लाख फिरौती

सहरसा। बिहार में अपराधियों ने सहरसा के सौर बाजार में मनरेगा के जू. इंजीनियर मुकेश कुमार भारती को अपहृत कर लिया है। घर जा रहे इंजी. को अगवा कर उसके पिता से फोन कर 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी है।

प्रेमी संग पत्नी ने कुचला था पति का सर, भेजा जेल

जालौन। कालपी पुलिस ने बताया है कि मृतक की पत्नी नगीना ने प्रेमी जवेद बिंदकी के साथ मिलकर पति की हत्या की थी। नगीना ने पति को नींद की गोली देकर प्रेमी को घर बुलाकर ईंट व चाकू से उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पत्नी व प्रेमी को जेल भेजा है।

अत्यावश्यक सेवा अनुरक्षण कानून 1996 के तहत लिया निर्णय

योगी सरकार ने लगाया एस्मा, अब छह माह नहीं की जा सकेगी हड़ताल

मुख्यमंत्री ने कहा... उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उप्र में सीएम योगी ने छह माह के लिए आवश्यक सेवा रख-रखाव अधिनियम (एस्मा) लगाया है। अगले 6 महीने तक प्रदेश में किसी भी सरकारी विभाग, सरकार के नियंत्रण वाले निगम और प्राधिकरणों आदि में हड़ताल करने पर रोक रहेगी। कोई भी अधिकारी व कर्मचारी संगठन मांगों को लेकर हड़ताल नहीं कर सकेगा।

उप्र सरकार ने अत्यावश्यक सेवाओं के अनुरक्षण, 1996 की धारा 3 की उपधारा (1) के द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करते हुए एस्मा लागू किया है। सरकारी विभाग, सरकार के नियंत्रण वाले निगम और प्राधिकरणों आदि में कर्मचारी 25 मई तक हड़ताल पर नहीं जा सकेंगे। उप्र कार्मिक विभाग अपर मुख्य सचिव मुकुल सिंहल ने अधिसूचना जारी कर शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल ने छह माह की अवधि के लिए हड़ताल पर प्रतिबंध लगाया है।

एस्मा में बिना वारंट गिरफ्तार

आवश्यक सेवा रख-रखाव अधिनियम (एस्मा) लागू होने पर हड़ताल अवैध होती है। विभिन्न आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारी आते हैं। उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को 1 साल सजा या जुर्माना या फिर दोनों हो सकते हैं। एस्मा में पुलिस को यह अधिकार मिल जाता है कि वह इस कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना वॉरंट गिरफ्तार कर सकती है।

होम स्टे से रोजगार देगी योगी सरकार

प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए लगातार नए प्रयोग कर रही योगी सरकार ने लोगों घर बैठे रोजगार उपलब्ध कराने की योजना पर काम शुरू किया है। सरकार वन विभाग की होम स्टे योजना को प्रदेश भर में विस्तार देने में जुट गई है। वन विभाग ने इसका खाका तैयार कर लिया है। लखीमपुर और बहराइच के छोटे दायरे में सीमित होम स्टे योजना का प्रदेश के कई जिलों में विस्तार किया जाएगा। इसके तहत वन विभाग पर्यटकों को राज्य के अलग-अलग स्थानों पर ठहरने और खाने पीने की सुविधा देगा। होम स्टे योजना के तहत वन विभाग ऐसे लोगों को जोड़ेगा जो पर्यटकों को ठहरने और खान-पान की सुविधा उपलब्ध करा सकें। इसके बदले स्थानीय लोगों को पर्यटकों से किराए के रूप में एक निश्चित धनराशि के साथ खान-पान की कीमत भी मिलेगी।

लापरवाही और मानव अंग तस्करी का आरोप सीएम योगी ने जांच के लिए दिए आदेश

इधर, उप्र में दो मेडिकल कॉलेजों पर इलाज में लापरवाही व मानव अंग तस्करी की शिकायत मिली है। विनहट के पक्का तालाब निवासी शिव प्रकाश पांडेय का बेटा आदर्श कमल पांडेय (27) 11 सितंबर को कोरोना पॉजिटिव हो गया था। आरोप है साजिश के तहत युवक की तबीयत बिगाड़ दी गई। 26 सितंबर को घरवालों को पहले मरीज ठीक बताया। वहीं 15 मिनट बाद दोबारा फोन कर आदर्श की मौत की सूचना दी गई। परिवारजनों ने मेडिकल कॉलेज पर आदर्श कमल को मारने का आरोप लगाकर मोहनलाल सांसद कौशल किशोर से परिवारजन ने शिकायत की। सांसद ने लापरवाही व मानव अंग तस्करी की आशंका का हवाला देकर एरा व इंटीग्रल मेडिकल कॉलेजों की जांच के लिए पत्र लिखा। कानून मंत्री बृजेश पाठक ने भी परिवारजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते ही अफसरों को सीएम को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। सीएम ने टीम गठित कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

बिहार राजनीति में तोड़-फोड़ के फोन से सर्द मौसम में पैदा हो गई गर्माहट

लालू के 3 सेवादार, सभी के मोबाइल से राजद सुप्रीमो की होती है बातचीत

एजेंसी ▶▶ रांची

बिहार चुनाव में जेल से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा राजनीति करने की बात उठी। चुनाव भले ही बिहार में हो रहा था, लेकिन उसका केंद्र रिम्स के केली बंगले से हो रहा था। इस पर पुख्ता मुहर मंगलवार की देर रात लगी, जब बिहार के ही पूर्व उप सीएम सुशील मोदी ने इससे संबंधित ट्वीट किया। इस ट्वीट से बवाल मच गया और राजनीतिक सियासत गर्म हो गई।

दरअसल एक ऑडियो भी वायरल हुआ है। इसमें एनडीए के विधायक ललन पासवान से बात करते हुए लालू प्रसाद की आवाज सुनाई दे रही है। उन्होंने विधायक को स्पष्ट शब्दों में कहा बिहार विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव में एबसेंट हो जाएं, फिर राजद उनके लिए बहुत कुछ करेगा। बताया जा रहा है कि जिस मोबाइल से राजद सुप्रीमो ने बिहार में एनडीए के विधायक से बात की थी, वह उनके सेवादार नंबर 1 इरफान अंसारी का है। इरफान ने ही विधायक के पीए से बात कर लालू से उनकी बात करवाई थी। करीब 2 मिनट तक दोनों के बीच दो कॉल में बात हुई है। रिम्स में लालू प्रसाद के तीन सेवादार हैं।

पूर्व डिप्टी सीएम मोदी ने कहा, कामयाब नहीं होंगे

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने लालू प्रसाद पर आरोप लगाया था कि वे बिहार में एनडीए की सरकार अस्थिर करने की कोशिश में हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, ‘लालू प्रसाद यादव रांची से एनडीए विधायकों को फोन कर रहे हैं और उन्हें मंत्री पद देने का वादा कर रहे हैं। उन्होंने (सुशील मोदी) उनको कहा कि जेल से यह गंदा खेल न खेलें, कामयाब नहीं होंगे, जबकि लालू द्वारा रिम्स गेस्ट हाउस से भाजपा विधायक ललन पासवान को प्रलोभन पर भाजपा ने सख्त रवैया अपनाया है।

‘तुम हमारा साथ दो... तुमको मंत्री बनाएंगे... कल इनको गिरा देंगे’

अच्छा सुनो, हम लोग तुमको आगे भी बढ़ाएंगे... यहां... कल जो स्पीकर का चुनाव है, उसमें हम लोगों का साथ दो... तो उसका... हम तुमको बनाएंगे... मंत्री बनाएंगे। कल तो इनको हम लोग गिरा देंगे। समझे न... यह उसी ऑडियो क्लिक का अंश है, जिसे कथित तौर पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की आवाज बताया जा रहा है। हरिभूमि ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने दावा किया था कि लालू यादव जेल से ही बिहार की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। ऑडियो की शुरुआत जिस आवाज के साथ होती है, वह लालू के सहयोगी (पीए) की बताई है।

जेल से फोन कैसे? डिप्टी सीएम तारा लिखेंगे खत

भाजपा नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि लालू द्वारा भाजपा विधायक को फोन से सदन में अनुपस्थित की बात संबंधी प्रलोभन देना गंभीर मामला है। जेल में रहते हुए लालू फोन कैसे कर सकते हैं? डिप्टी सीएम प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच के लिए वो झारखंड सरकार को पत्र लिखेंगे। फोन वहां से हुआ है इसलिए झारखंड सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वह कार्रवाई नहीं करती है तो हम केंद्र का भी रुख कर सकते हैं और सीबीआई जांच की भी मांग कर सकते हैं।

पेज एक का शेष

कांग्रेस के संकटमोचक ...

उप राष्ट्रपति एम वैंकेया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस एवं कई अन्य दलों के नेताओं ने पटेल के निधन पर दुख जताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के विश्वस्त सहयोगियों में से एक पटेल वर्तमान में कांग्रेस के कोषाध्यक्ष थे। वह पार्टी के संकटमोचक के रूप में भी जाने जाते थे। पटेल 1993 से पांच बार लगातार गुजरात से राज्यसभा के सदस्य थे। इससे पहले वह 1977, 1980 और 1984 में लगातार तीन बार गुजरात की भरूच लोकसभा सीट से सांसद बने।

कोटा में गुम गई थी बहन ...

संपर्क थे, सभी को टटोला। तभी अहमद पटेल की याद आई। उन्हें बताया तो वे तलाश के लिए सक्रिय हो गए, चैन से नहीं बैठे। रातभर मेहनत कर बहन को ढूंढ निकाला और सुरक्षित घर तक पहुंचवाया। ये थी उनकी खासियत। मोतीलाल वोरा ने कहा कि लंबे अरसे तक कांग्रेस और देश की सियासत में एक साथ रहकर काम करने के दौरान अनेक महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं, लेकिन अहमद पटेल ने निजी रूप से मेरे परिवार के लिए ये काम किया है, जो कभी न भूलने वाला है। श्री वोरा ने बताया कि उनकी वह बहन अभी बीकानेर (राजस्थान) में रह रही हैं। यह घटना ऐसे हुई थी, जब वे ट्रेन से राजस्थान से रायपुर के लिए निकलीं और कोटा में ट्रेन से उतरी थीं। इसी दौरान ट्रेन चल पड़ी और बहन वहीं छूट कर गुम गई थीं। इस बीच शाम हो गई और कहीं उनका पता नहीं लग रहा था। अहमद भाई ने इस परेशानी के समय बड़ी मदद की थी।

संगठन को अच्छी तरह समझते थे पटेलः मोतीलाल वोरा ने याद किया कि अहमद पटेल से 30 साल से अधिक समय से अच्छा परिचय व घनिष्टता थी। हम लोग पार्टी व संगठन से जुड़े सभी मामलों को लेकर ऑफिस में साथ बैठकर सलाह मशविरा किया करते थे। श्री वोरा के अनुसार अहमद पटेल संगठन को बेहतर तरीके से समझते थे। उनकी विशेषता थी कि वे सबका विश्वास हासिल कर लेते और सबको साथ लेकर चलने की उनकी शैली थी। इसके साथ ही वे कुशाग्र बुद्धि के व्यक्ति थे। बेहद मिलनसार होने के साथ वे लोगों के लिए मददगार थे। कोई भी व्यक्ति अगर मदद के लिए उनके घर जाकर मिलता, तो वे जरूर मदद किया करते थे। सबके सुख-दुख में उनकी भागीदारी होती थी।

हम सभी कांग्रेसियों ...

व्यवहार कुशल और सदैव मुस्कुराते रहना उनकी पहचान थी। मीडिया से दूर, पर कांग्रेस के हर फैसले में अहमद पटेल शामिल रहते थे। कड़वी बात भी बेहद मीठे शब्दों में कहना उनसे कोई भी सीख सकता था। कांग्रेस पार्टी उनका योगदान कभी नहीं भुला सकती। **कोई कितना भी गुस्सा हो जाए वे संतुष्ट करके ही भेजते थेः** *सिंह ने अपने अगले ट्वीट में लिखा कि कोई भी कितना ही गुस्सा हो कर जाए उनमें यह क्षमता थी वे उसे संतुष्ट कर ही भेजते थे। सिंह ने अहमद पटेल के धार्मिक व्यक्तित्व को भी याद किया। वो कहीं पर भी रहें, नमाज पढ़ने से कभी नहीं चूकते थे।* ***कमलनाथ ने कहा- मेरे बेहद करीबी मित्र के निधन से स्तब्ध हूंः*** *पूर्व सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अहमद पटेल के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने ट्वीट किया कि उनका निधन मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत क्षति है।*

उनका असमय चले जाना कांग्रेस परिवार के लिए ऐसी क्षति है जो सदैव अपूरणीय है।

कल से जमाकर्ता ...

ऑफ इंडिया से कहा है कि वे मैनेजमेंट के उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें जिसके चलते बैंक डूबने के कगार पर पहुंचा। गौरतलब है कि लक्ष्मी विलास बैंक को सरकार ने मोरेटोरियम में डालते हुए 25 हजार रुपए की निकासी तय करने समेत उस पर 16 दिसंबर तक के लिए कई तरह की पाबंदिया लगा दी थी।

ऐसा पहली बारः भारतीय बैंक ...

लिमिटेड (डीबीआईएल) के साथ विलय करने को कहा था। ऐसा पहली बार है जब किसी भारतीय बैंक को सुरक्षित रखने के लिए उसके विदेश प्रतिद्वंद्वी बैंक को चुना।

केंद्र की मंजूरी के बगैर ...

का फैसला नहीं ले पाएंगे।

बुजुर्गों, बच्चों, बीमार और गर्भवती महिलाओं को घर में रहने की सलाहः ज्यादा जोखिम वाले लोगों जैसे 65 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों, पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों, गर्भवती महिलाओं, 10 साल से कम उम्र के बच्चों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। जब तक बहुत ही ज्यादा जरूरी न हो, उन्हें बाहर निकलने से बचना चाहिए।

एक राज्य से दूसरे राज्य या किसी राज्य के भीतर आवाजाही पर कोई रोक नहीं: एक राज्य से दूसरे राज्य या किसी राज्य के ही भीतर लोगों और सामानों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं रहेगी। आवाजाही के लिए अलग से किसी भी तरह के परमिट/ई-परमिट की जरूरत नहीं होगी।

विशेषज्ञ मौत के ...

अंतर है। दिल्ली सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में 23 नवंबर तक कोविड-19 से कुल 8512 लोगों की मौत हुई है जबकि नगर निगमों ने दावा किया कि उसने 10,318 लोगों के अंतिम संस्कार किए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन 100 से ज्यादा संक्रमितों की मौत हुई। मंगलवार को मृत्यु दर 1.89 प्रतिशत थी। दिल्ली में मंगलवार को 109 लोगों की मौत हुई जबकि सोमवार को 121 संक्रमितों की जान गई थी। यह बीते 13 दिन में सातवीं बार है जब एक दिन में मृतक संख्या 100 के पार गई है।

कोरोना मरीजों को समय रहते अस्पताल पहुंचाया जाए : बैजल- दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गृह पृथक-वास में रखे गए कोविड-19 मरीजों को आपातकालीन स्थिति में समय रहते अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि महामारी से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आ सके। सूत्रों ने कहा उपराज्यपाल ने गृह पृथक-वास में रखे गए कोविड-19 मरीजों की कड़ी निगरानी करने का भी आदेश दिया। गौरतलब है कि गृह पृथक-वास में रह रहे अनेक लोगों द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार तक कोविड-19 के 22,246 मरीज गृह पृथक-वास में थे। बैजल ने बुधवार को दिल्ली में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अस्पतालों की तैयारी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी नई रणनीति के कार्यान्वयन का जायजा लिया। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक बैठक में बैजल ने अधिकारियों से निगरानी, जांच और आईसीयू तथा वेंटिलर आदि की संख्या बढ़ाने को कहा।

वाद को विवाद ...

दशकों में आम जन मानस की आशाओं, आकांक्षाओं और जागरूकता में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। इसलिए पूरे देश में विधानमंडलों की भूमिका व जिम्मे दारियां और भी बढ़ गई हैं। उन्होने कहा कि जन-प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे, लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रति सदैव निष्ठा वान रहें। उन्होने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और जन-प्रतिनिधियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती, जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की है।

कोविन्द ने यह कहा कि देश की जनता, अपने नेताओं से, संसदीय परम्पराओं और मर्यादाओं के पालन की अपेक्षा करती है। इसलिए, कभी-कभी जब जन-प्रतिनिधियों द्वारा संसद या विधान सभा में, अमर्यादित भाषा का प्रयोग या अमर्यादित आचरण किया जाता है, तो जनता को बहुत पीड़ा होती है। इसलिए जन-कल्याण और देश के व्यापक हित में, जन प्रतिनिधियों को सामंजस्य और समन्वरय का मार्ग अपनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक व्यंवस्थाओ में, ‘वाद’ को ‘विवाद’ न बनने देने के लिए ‘संवाद’ का माध्य म ही, सबसे अच्छाभ माध्य म होता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुजरात की भूमि के प्रति आदर भाव व्यक्त करते हुए कहा कि यह राष्ट्रपिता, महात्मा गांधी और भारत के लौह पुरुष, सरदार पटेल की जन्म स्थली है। उन्होंने यह भी कहा कि केवड़िया में स्टैचू ऑफ यूनिटी के पास आयोजित किए जा रहे 80वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन से संसदीय संस्थाओं को सुदृढ़ करने में बहुत मदद मिलेगी।

उपराष्ट्रपति नायडू ...

किए बगैर काम करते हैं और सौहार्द बना रहता है।

परस्पर सम्मान, जवाबदेही और धैर्य की जरूरतः *नायडू ने कहा कि इसमें परस्पर सम्मान, जवाबदेही और धैर्य की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसे कई उदाहरण हैं जब सीमाएं लांघी गईं। नायडू ने कहा कि ऐसे कई न्यायिक फैसले किए गए जिसमें हस्तक्षेप का मामला प्रतीत होता है। कुछ उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को ‘सर्वोपरि कार्यपालिका’ या ‘सर्वोपरि विधायिका’ की तरह नहीं समझना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, ‘स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय ने ऐसे कई फैसले दिए जिनका सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों पर दूरगामी असर हुआ। इसके अलावा इसने हस्तक्षेप कर चीजें ठीक कीं। लेकिन यदा-कदा चिंताएं जताई गईं कि क्या वे कार्यपालिका और विधायिका के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं।*

समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे उत्थानःबिरलाः *लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान संसद व विधान मंडलों को जन भावनाओं के अनुरूप काम करने का आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा, ‘जनप्रतिनिधि के रूप में हमें संवैधानिक मूल्यों के प्रति दृढ़ रहकर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज के आखिरी व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।’*

ट्विटर को टक्कर देगा ...

है। टूटर ने साइट पर 'हमारे बारे में' सेक्शन में बताया है, 'हमारा मानना है कि भारत में एक स्वदेशी सोशल नेटवर्क होना चाहिए। टूथर हमारी स्वदेशी आंदोलन 2.0 है। इस आंदोलन में हमसे जुड़ें।'

भारत में गूगल पे ...

जा रही है। कंपनी इस सर्विस के बदले इंस्टैंट मनी ट्रांसफर पेमेंट सिस्टम जोड़ेगी, लेकिन इसके लिए यूजर्स को चार्ज देना होगा।

अमेरिका में ...

कंपनी ने अमेरिका के अपने यूजर्स को सूचित किया है कि वे 2021 में पैसे भेजने या उससे पैसे स्वीकार करने के लिए नए गूगल पे एप का यूज करें।

एमएलसी चुनाव पर अखिलेश...

अगर बिहार के जैसी लूट न हुई तो सपा जीतेगी चुनाव

एजेंसी ▶▶ कन्नौज

पूर्व सीएम एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। वे बोले इस सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार का विकास हुआ है। इसके अलावा यूपी में कोई विकास नहीं किया गया है, थानों में जमकर लूट हो रही है। किसानों की आय दोगुनी का दावा करने वाली भाजपा सरकार में धान को लूट लिया गया है। किसान परेशान है और आम जनता पर महंगाई और बेरोजगारी की मार है। कहा, सरकार ऐसे कानून बनाए, जिससे किसान को धान की सही कीमत मिल सके और आय दोगुनी हो सके। युवाओं को नौकरी व रोजगार मिल सके, बिजली बिल कम हो सके। उन्होंने कहा, एमएलसी चुनाव में यदि बिहार जैसी लूट न हुई तो सपा चुनाव जीतेगी। लोकसभा के चुनाव में भी जबरदस्ती चुनाव जीता गया। रेड कार्ड जारी किए, लाठियां चलाई गईं। वे आगामी चुनाव में सपा गठबंधन की बात पर टाल गए।

विजय स्पीकर, पक्ष में 126 वोट, विपक्ष में 114

पटना। बिहार के संसदीय इतिहास में अरसे बाद विधानसभा अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ है। प्रोटेम स्पीकर जीतन राम मांझी ने विजय कुमार सिन्हा के बिहार विधान सभा के स्पीकर पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की। राजग प्रत्याशी विजय कुमार सिन्हा बिहार विधानसभा के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। बुधवार को भारी हंगामे और शोर-शराबे के बीच प्रोटेम स्पीकर जीतन राम मांझी ने पक्ष और विपक्ष के विधायकों को खड़ा कर मत विभाजन किया। 243 सदस्यों वाली विधानसभा में राजग उम्मीदवार विजय सिन्हा के पक्ष में 126 विधायकों खड़े होकर अपना समर्थन दिया। महागठबंधन के प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी के समर्थन में 114 विधायक खड़े हुए। प्रोटेम स्पीकर जीतन राम मांझी ने विजय सिन्हा के अध्यक्ष चुनने की घोषणा के बाद सीएम नीतीश और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी नए अध्यक्ष को आसन तक ले गए और उन्हें पदभार ग्रहण कराया।